(ख) परंतुक अंत:स्थापित करें " परंतु उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बिना उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश या पीठासीन जिला और सेशन न्यायाधीश को बोर्ड का अध्यक्ष या सदस्य नियुक्त नहीं किया जाएगा।"

धारा 19. - (क) "साधारण खंड अधिनियम, संवत 1977" के स्थान पर " साधारण खंड अधिनियम, 1897 (1897 का 10)” रखें। "

****

IndiaCode

53. जम्मू-कश्मीर ठेकेदार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1956

(1956 का 16)

संपूर्ण अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा उपबंधित न हो, "सरकार" और "सरकारी राजपत्र" के स्थान पर क्रमश: "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" और "राजपत्र" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में उद्देशिका के अलावा, "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 5 . - (i) उप-धारा (2) में, 'विभाग के प्रभारी मंत्री' के स्थान पर ' लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन' रखें; और

(ii) उप-धारा (3) का लोप करें।

धारा 7 . - '30 रुपए' के स्थान पर '100 रुपए' रखें।

धारा 8 . - 'स्टाम्प अधिनियम, 1977' के स्थान पर 'भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2)' रखें।

****

54. जम्मू-कश्मीर, पर्यटक व्यापार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1978

(1978 का 9)

संपूर्ण अधिनियम में, "सरकारी राजपत्र" के स्थान पर "राजपत्र" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, धारा 24 से भिन्न, "सरकार" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, "रणबीर दंड संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45)" रखें।

धारा 1. - (i) उपधारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर, "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 2 . - (i) खंड (छ) में, स्पष्टीकरण 1, में "जम्मू-कश्मीर" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" को रखें।

(ii) खंड (ण) में, दोनों स्थानों पर, "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 27 . - दोनों स्थानों पर, "प्रभारी-मंत्री" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासन " रखें ।

धारा 28. - उप-धारा (2) में, "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें।

धारा 34. - उप-धारा (2) में, "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें।

धारा 35. - "साक्ष्य अधिनियम, 1977" के स्थान पर "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 में से 1)" रखें।

****

IndiaCode

55. जम्मू-कश्मीर (आवासीय और वाणिज्यिक किराएदारी) अधिनियम, 2012

(2012 का 5)

धारा 1. - (i) उप-धारा (2) में, -

(क) "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

(ख) परंतुक में, "सरकार " और "सरकारी राजपत्र" के स्थान पर, क्रमशः " लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासन " और " राजपत्र" रखें ; और

(iii) उप-खंड (3) में, "सरकारी राजपत्र" के स्थान पर " राजपत्र" रखें

धारा 2 . - (i) खंड (ख) में,"जम्मू-कश्मीर विशेष न्यायाधिकरण अधिनियम, 1988 के अधीन स्थापित विशेष न्यायाधिकरण" के स्थान पर "लद्दाख प्रशासन द्वारा अधिसूचित अधिकरण या प्राधिकारण" रखें;

(ii) खंड (ङ) के स्थान पर, निम्नलिखित रखें–

"(ङ) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासन अभिप्रेत है ";

(iii) खंड (ज) में, "नगर निगम या" का लोप करें;

(iv) खंड (झ) और (ट) में "सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" को रखें।

(v) खंड (ठ) में,"सरकारी अस्पताल" के स्थान पर, " प्रशासन के स्वामित्व वाले या उसके द्वारा संचालित अस्पताल " रखें ; और

(vi) खंड (य) में,"नगर निगम" का लोप करें।

धारा 3. - (i) खंड (क) में, "राज्य सरकार" और "सरकार" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" और " प्रशासन" रखें।

(ii) खंड (ङ) में, "सरकार" के स्थान पर " प्रशासन" रखें; और

(iii) खंड (च) में,"जम्मू-कश्मीर वक्फ अधिनियम, 2001" और "ट्रस्ट अधिनियम, संवत 1977" के स्थान पर, क्रमशः " वक्फ अधिनियम, 1995" और "भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882" रखें।

धारा 14. - उप-धारा (4) में, "सरकार" के स्थान पर " प्रशासन" रखें।

धारा 29. - (i) "सरकार " और "सरकारी राजपत्र" के स्थान पर "प्रशासन " और " राजपत्र" रखें ; और

(ii) परंतुक में, खंड (i) का लोप करें।

धारा30. - (i) "संपत्ति अंतरण अधिनियम, संवत् 1977", के स्थान पर "संपत्ति अंतरण अधिनियम,1882" रखें।

(ii) परंतुक में,-

(क) दोनों स्थानों पर, "संपत्ति अंतरण अधिनियम, संवत् 1977", के स्थान पर

IndiaCode

"संपत्ति अंतरण अधिनियम,1882" रखें।

(ख)"अनुबंध अधिनियम, संवत् 1977", के स्थान पर "भारतीय अनुबंध अधिनियम,1872" रखें।

धारा 31.- (i) उप-खंड (1) में "सिविल प्रक्रियासंहिता, संवत् 1977", के स्थान पर"सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 (1908 का 5)" रखें।

धारा 32. (i) उप-खंड (1) में "सिविल प्रक्रिया संहिता, संवत् 1977", के स्थान पर"सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 (1908 का 5)" रखें।

(ii) उप-खंड (2) में "रणबीर दंड संहिता और दंड प्रक्रिया संहिता, संवत, 1989" के स्थान पर क्रमश: "भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें ।

(iii) उप-खंड (6) में "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत, 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें ।

धारा 37. - (i) उपांत शीर्षक में,"राज्य की संचित निधि" का लोप करें; और

(ii) "राज्य की संचित निधि" के स्थान पर "ऐसा प्राधिकार जो प्रशासन द्वारा विहित किया जाए" रखें।

धारा 40. - दोनों स्थानों पर, "सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" रखें।

धारा 41. - "सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" रखें।

IndiaCode

****

56. जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल सदस्यों के वेतन और भत्ते अधिनियम, 1960

(1960 का 19)

पूर्णत: निरसन करें।

****

57. जम्मू-कश्मीर विधानमंडल नेता प्रतिपक्ष के वेतन एवं भत्ते अधिनियम, 1985

(1985 का 16)

पूर्णत: निरसन करें।

****

58. जम्मू-कश्मीर आत्म निर्भर सहकारी अधिनियम, 1999

(1999 का 10)

संपूर्ण अधिनियम में, "सरकारी राजपत्र" और "सरकार" के स्थान पर क्रमश: "राजपत्र'' और "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, "जम्मू-कश्मीर" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 1. - (i) उप-खंड (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 2 . - (i) खंड (23) में, "जम्मू-कश्मीर के संविधान की धारा 6 में परिभाषित राज्य के स्थायी निवासी" के स्थान पर "कोई व्यक्ति" रखें।

(ii) खंड (27) में, "राज्य के स्थायी निवासी" के स्थान पर "कोई व्यक्ति" रखें; और

(iii) खंड 30 में, "जिसके सदस्य राज्य के स्थायी निवासी हैं" का लोप करें।

धारा 3. - उप-धारा (1) में, "राज्य के स्थायी निवासी सम्मिलित होंगे" का लोप करें; और

धारा 16. - (i)खंड (क) में,-

(क) उप-खंड (i) में,"जम्मू-कश्मीर संविदा अधिनियम, संवत् 1977", के स्थान पर " भारतीय संविदा अधिनियम,1872 (1872 का 9)" रखें; और

(ख) उप-खंड (ii) का लोप करें।

(ii) खंड (ग) में,"जम्मू-कश्मीर सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, संवत 1998" के स्थान पर "सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21)" रखें।

धारा 59. - "जम्मू-कश्मीर रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, संवत 1977" के स्थान पर "रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16)" रखें।

****

59. जम्मू-कश्मीर एकल खिड़की (औद्योगिक निवेश और कारबार सरलीकरण)

अधिनियम, 2018

(2018 का 10)

संपूर्ण अधिनियम में, धारा 2 के उपखंड (14) और उपखंड (17) या अन्यथा उपबंधित के सिवाय "सरकार" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासन" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा उपबंधित न हो, "सरकारी राजपत्र", "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमश: "राजपत्र", "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र", "संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

उद्देशिका-	"जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।
धारा 2 . -	(i) खंड (1) के पश्चात, खंड (1क) अंतःस्थापित करें अर्थात, -
	"(कख) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" अभिप्रेत है।
	(ii) खंड (16) का लोप करें।
	(iii) खंड (23) का लोप करें; और
	(iv) खंड (25) के पश्चात, अंतःस्थापित करें, अर्थात , -
	"(25क) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" अभिप्रेत है।
धारा 3. -	(i)उप-खंड (1) के स्थान पर निम्नलिखित अंतःस्थापित करें -
	"1 प्रशासन, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा प्रत्येक जिले के लिए एक जिला स्तरीय एकल खिड़की निकासी समिति का गठन कर सकेगा;"
धारा 4. -	उप-धारा (1) में, निम्नलिखित अंतःस्थापित करें -
	"1 प्रशासन, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा प्रत्येक जिले के लिए एक मंडल स्तरीय एकल खिड़की निकासी समिति का गठन कर सकेगा।"
धारा 5.-	उप-धारा (1) में,- "मुख्य सचिव", "अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड" और "निदेशक, उद्योग और वाणिज्य, संबंधित सदस्य" के स्थान पर क्रमश: "सलाहकार" और "अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण समिति" और "निदेशक, उद्योग और वाणिज्य, सदस्य-सचिव" रखें और "9" प्रबंध निदेशक, जम्मू-कश्मीर, सिडको सदस्य-सचिव" का लोप करें
धारा 6. -	"कश्मीर/जम्मू" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।
धारा 8. -	उप-धारा (2) में, "राज्य अधिनियमों" के स्थान पर "राज्य अधिनियमों, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" में लागू करने के स्थान पर अनुकूलित" रखें।
धारा 9. -	"राज्य सरकार" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।
धारा 26. -	(i) उप-खंड (3) का लोप करें; और
	(ii) उप-धारा (4) में, "राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए" के स्थान पर "नियमों में" रखें।
धारा 27. -	उप-खंड (2) का लोप करें

****

IndiaCode

60. जम्मू-कश्मीर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद अधिनियम, 2018

(2018 का 5)

संपूर्ण अधिनियम में, "सरकारी राजपत्र" और "राज्य सड़क सुरक्षा परिषद" के स्थान पर "शासकीय राजपत्र" और "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र सड़क सुरक्षा परिषद" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, धारा 4 के उप-खंड (2) के खंड (iii) के सिवाय, "सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

संपूर्ण अधिनियम में, धारा 37 के सिवाय ,"जम्मू-कश्मीर" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखें।

धारा 2 . - उप-खंड (2) में, -

(क) खंड (i) के स्थान पर रखें।

(i) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" अभिप्रेत है; और

(ख) खंड (ट) में, "यथास्थिति, जम्मू-कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 या" का लोप करें।

धारा 3. - उप-खंड (1) में,"अध्यक्ष जो परिवहन विभाग के प्रभारी मंत्री, उपाध्यक्ष के रूप में राज्य के मुख्य सचिव और ऐसे अन्य सदस्य होंगे" के स्थान पर "ऐसे सदस्यों" रखें।

धारा 4. - उप-खंड (3) के खंड (ii) में, "राज्य सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" रखें।

धारा 10. - उप-खंड (1) में," जम्मू-कश्मीर रोड सेफ्टी निधि" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र सड़क सुरक्षा निधि" रखें।

धारा 22. - उप-खंड (2) का लोप करें।

धारा 23. - (i) उप-खंड (3) में, "सरकार राज्य विधान मंडल के समक्ष प्रस्तुत करेगी" का लोप करें।

धारा 29. - (ii) "रणबीर दंड संहिता, संवत 1989" शब्दों के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता (1860 का 45)" रखें।

धारा 34. - (i) उप-खंड (3) का लोप करें।

****

61. सफायर अधिनियम, संवत 1989

(1989 का 16)

पूर्णत: निरसन करें।

****

62. जम्मू-कश्मीर राज्य भेड़ और भेड़ उत्पाद विकास बोर्ड अधिनियम, 1979

(1979 का 9)

पूर्णत: निरसन करें।

****

63. जम्मू-कश्मीर विशेष अधिकरण अधिनियम, 1988

(1988 का 12)

पूर्णत: निरसन करें।

****

64. जम्मू-कश्मीर राज्य नगर योजना अधिनियम,1963

(1963 का 20)

संपूर्ण अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा उपबंधित न हो, "सरकार", "सरकारी राजपत्र", "राज्य" और "मंत्री" के स्थान पर क्रमश: "प्रशासन", "राजपत्र", "संघ राज्य क्षेत्र" और "उप राज्यपाल के सलाहकार" रखें।

धारा 2 . - खंड (ख) के स्थान पर रखें, अर्थात :, -

"(ख) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन" अभिप्रेत है।

धारा 3. - उप-खंड (ण) में, "जम्मू-कश्मीर नगर निगम अधिनियम, संवत, 2008" या " जम्मू एवं कश्मीर नगर क्षेत्र अधिनियम, 2011" के स्थान पर "जम्मू-कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000" रखें।

धारा 18. - उप-खंड (6) में, "जम्मू-कश्मीर मध्यस्थता अधिनियम, संवत, 2002" के स्थान पर "मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 (1996 का 26)" रखें।

धारा 26. - "राज्य भूमि अर्जन अधिनियम, संवत 1990" के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) रखें ।

धारा 27. - (i) उपांत शीर्षक में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1990 की धारा 4 और धारा 6" के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 11 और धारा19" रखें।

(ii) "राज्य भूमि अर्जन अधिनियम, संवत 1990 की धारा 4 और धारा 6" जहां-जहां दोनों स्थानों पर वह आता है, के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 11 और धारा 19", रखें।

धारा 28 . - (i) उपांत शीर्षक में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1990 की धारा 15, धारा 23 और धारा 24" के स्थान पर "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 26, धारा 27 और धारा 28" रखें; और

IndiaCode

(ii) उप-धारा (1) में,"राज्य भूमि अर्जन अधिनियम, संवत 1990 की धारा 15, धारा 23 और धारा 24" के स्थान पर "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 26, धारा 27 और धारा 28" रखें।

****

65. जम्मू-कश्मीर ट्रेज़र ट्रोव अधिनियम,संवत 1954

(1897 का परिषद संकल्प संख्या 37)

पूर्णत: निरसन करें।

****

66. जम्मू-कश्मीर शहरी संपत्ति (अधिकतम सीमा) अधिनियम, 1971

(1971 का 12)

पूर्णत: निरसन करें।

IndiaCode

****

67. जम्मू-कश्मीर विलो (निर्यात और संचलन प्रतिषेध) अधिनियम, 2000

(2000 का 16)

पूर्णत: निरसन करें।

****

68. जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा अधिनियम, 2002

(2002 का 21)

सम्पूर्ण अधिनियम में, अन्यथा उपबंधित के सिवाय, "सरकार" और "राजपत्र" के स्थान पर क्रमशः, "प्रशासन" और "राजपत्र" रखें,

सर्वत्र अधिनियम में प्रस्तावना के सिवाय या जैसा अन्यथा उपबंधित है, "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमशः "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र", रखें,

धारा 1.- उप-धारा (2) में, "संपूण जम्मू-कश्मीर राज्य'' के स्थान पर "संपूर्ण लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र" रखा जाए।

धारा 2. - (i) खंड (क) के पश्चात, निम्नलिखित अंत: स्थापित करें -

"(कक)" प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासन";

(ii) खंड (ग) का लोप करें;

(iii) खंड (ड.) में, "जिला शिक्षा अधिकारी" के स्थान पर "मुख्य शिक्षा अधिकारी" शब्द रखें;

(iv) खंड (ज) का लोप करें; और

(v) खंड (ण) के स्थान पर, "(ण)" "संघ राज्यक्षेत्र'' से "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" अभिप्रेत है।

धारा 6,7,8,9 और 10. – का लोप करें।

धारा 20 के पश्चात नई धारा का अंत:स्थापन करें. –

20क. प्राइवेट विद्यालय की फीस निर्धारण और विनियमन समिति का गठन।

(1) प्रशासन, संघ राज्य क्षेत्र के प्राइवेट विद्यालयों में फीस को विनियमित करने और निर्धारित करने के प्रयोजनों के लिए "प्राइवेट विद्यालयों की फीस निर्धारण और विनियमन समिति'' के रूप में जानी जाने वाली समिति का गठन करेगा।

(2) समिति का एक अध्यक्ष होगा जो किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश या प्रशासन का कोई अधिकारी रहा हो जो संघ राज्य क्षेत्र के सचिव या उससे ऊपर के रैंक से नीचे का न हो।

(3) समिति के सदस्य ऐसे होंगे जो संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन द्वारा विहित किया जाये।

(4) अध्यक्ष, प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य स्वतंत्र व्यक्ति या किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय संगम के किसी प्रतिनिधि को विशेषज्ञ सदस्य के रूप में कर सकेगा, किंतु समिति के सदस्यों की कुल संख्या पांच से अधिक नहीं होगी।

20ख. अध्यक्ष की पदावधि और सेवा की अन्य शर्तें-

प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और नियमन के लिए समिति के अध्यक्ष की पदावधि और सेवा की अन्य शर्तों का निर्धारण इस प्रकार होगा, जैसा कि प्रशासन द्वारा विहित किया जाये।

20ग. समिति की शक्तियाँ और कृत्य.-

(1) इस अधिनियम के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन, प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और नियमन संबंधी समिति ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगी और ऐसे कृत्य करेगी जो प्रशासन द्वारा विहित किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जाये कि प्राइवेट विद्यालय, शिक्षा के व्यावसायीकरण और अनुचित मुनाफाखोरी में लिप्त नहीं हैं।

(2) प्रशासन अधिसूचना द्वारा, प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति में निहित शक्तियों में से कोई भी, उस विस्तार तक जो विहित किया जाये, उक्त समिति के अध्यक्ष को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(3) प्राइवेट विद्यालयों की फीस निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति द्वारा पारित आदेशों को लोक सेवक द्वारा सम्यक रूप से पारित किया गया माना जाएगा और इसके उल्लंघन या गैर-अनुपालन पर भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) की धारा 188 के उपबंधों के अधीन अवज्ञा की कोटि में आयेगा।

20घ. फीस का अवधारण.-

(1) प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और नियमन संबंधी समिति अगस्त, 2014 के पश्चात स्थापित किए गए प्राइवेट विद्यालयों द्वारा ली जाने वाली फीस का अवधारण करते समय अन्य बातों के साथ-साथ, स्थान, उपलब्ध

अवसंरचना, प्रशासन पर व्यय, प्राइवेट विद्यालय द्वारा प्रशासन या किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी या किसी अन्य कारक जो विहित किया जाए, से किसी भी रूप में प्राप्त साहाय्य, सहायता, या संभाल को ध्यान में रखेगा।

(2) प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और नियमन की समिति समय-समय पर विभिन्न श्रेणियों के अधीन लिए जाने वाले प्रभारों की अधिकतम सीमा नियत करने के लिए अधिसूचना जारी कर सकेगी।

20ङ. प्राइवेट विद्यालयों द्वारा प्रभारित फीस -

(1) प्राइवेट विद्यालय छात्रों या अभिभावकों से सिवाय अध्यापन फीस, वार्षिक फीस, परिवहन फीस और पिकनिक, दौरे और सैर आदि विशेष प्रयोजन फीस जो पूरी तरह से स्वैच्छिक प्रकृति के होंगे या किसी अन्य फीस जैसा कि विहित प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाए, के सिवाय कोई अन्य फीस नहीं लेंगे।

परंतु प्राइवेट विद्यालय किसी भी रीति से ऊपर उल्लिखित फीस से भिन्न प्रवेश फीस या कोई अन्य रकम नहीं लेंगे, चाहे उसे किसी भी नाम से क्यों न जाना जाता हो।

20च. रिकॉर्ड मंगवाने की शक्ति - यदि यह निष्कर्ष निकलता है कि प्राइवेट विद्यालय ने उसके निर्देशों का उल्लंघन किया है या पालन नहीं किया है तो प्राइवेट विद्यालयों की फीस निर्धारण और विनियमन समिति किसी भी स्तर पर जांच के लिए किसी भी विद्यालय के रिकॉर्ड को मंगवा सकती है।

20छ. समिति के कर्मचारीवृंद -

(1) प्राइवेट विद्यालयों की फीस के निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति को अपने कार्यों के निर्वहन में सहायता करने के प्रयोजन से समिति के अध्यक्ष के परामर्श से प्रशासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित अधिकारी और कर्मचारी प्रदान किए जाएंगे।

(2) प्राइवेट विद्यालयों की फीस निर्धारण और विनियमन समिति के सभी स्थापना फीस प्रशासन द्वारा वहन किया जायेगा।

(3) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी, जो प्रशासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाए।

(4) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी और कर्मचारी इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए समिति के अनन्य प्रशासनिक नियंत्रण और निर्देश के अधीन होंगे।

20ज. उप-समितियाँ - प्रशासन ऐसी शक्तियों और कृत्यों के साथ संघ राज्यक्षेत्र स्तर या जिलों के स्तर पर ऐसी अन्य उप-समितियों का गठन कर सकेगा, जो प्राइवेट विद्यालयों में फीस को प्रभावी ढंग से विनियमित करने के लिए ठीक समझें।

20झ. विनियम बनाने की शक्ति- प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति, अधिसूचना द्वारा, ऐसे नियम बना सकेगी, जैसा कि उक्त समिति के प्रयोजन को निष्पदित करने के लिए आवश्यक हो।

20-ञ. दीवानी न्यायालय की शक्तियाँ- प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन संबंधी समिति की इस अधिनियम के अधीन किसी भी जाँच को शुरू करने या कोई कार्यवाही शुरू करने के प्रयोजनों के लिए, वही शक्तियां होंगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन किसी सिविल न्यायालय में निहित होती हैं।

धारा 22. – लोप कर दें।

धारा 25 के स्थान पर निम्नलिखित रखें.-

25. अधिकारिता का वर्जन -

IndiaCode

(1) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी भी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, कोई भी न्यायालय कोई व्यादेश नहीं देगा या इस अधिनियम के अधीन की जा रही या की जाने वाली किसी भी कार्यवाही को अवरुद्ध करने वाला अंतरिम आदेश नहीं देगा।

(2) प्राइवेटों विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन समिति के अध्यक्ष या किसी भी सदस्य या किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी या प्रशासन या उक्त समिति के निर्देशन में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति, जो इस अधिनियम के उपबंधों या उसके अधीन बनाए गए नियमों या आदेशों के अनुसरण में सद्भाव में किया या करने का आशय था, उसके विरूद्ध कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

धारा 27 के स्थान पर रखें.-

27. शास्ति. -

(1) प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और नियमन संबंधी समिति द्वारा जारी निर्देशों के उल्लंघन के सिवाय, जो कोई भी इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है तो वह विद्यालय शिक्षा निदेशक द्वारा प्रथम अपराध के लिए पंद्रह हजार और प्रत्येक पश्चातवर्ती अपराध के लिए 50 हजार रुपए से अन्यून जुर्माने के लिए दायी होगा।

(2) कोई भी व्यक्ति या प्राइवेट विद्यालय जो प्राइवेट विद्यालयों की फीस निर्धारण और विनियमन के लिए समिति के निर्देशों का उल्लंघन करता है, वह प्रथम अपराध के लिए पचास हजार रुपये और प्रत्येक पश्चातवर्ती अपराध के लिए एक लाख रुपये से अन्यून जुर्माना के लिए दायी होगा तथा उक्त समिति ऐसे प्राइवेट विद्यालयों को असम्बद्ध करने के लिए भी सिफारिश कर सकती है।"

धारा 28 के स्थान पर रखें.-

28. पुनरीक्षण और अपील.-

(1) धारा 27 की उप-धारा (1) के अधीन किसी प्राधिकारी द्वारा पारित किसी भी आदेश से पीड़ित कोई व्यक्ति ऐसे प्ररूप और रीति में जो विहित किये जाएं, आदेश की तारीख के तीस दिनों की अवधि के भीतर निदेशक, स्कूल शिक्षा के समक्ष पुनरीक्षण याचिका फाइल कर सकेगा।

(2) कोई व्यक्ति या प्राइवेट विद्यालय, जो कि प्राइवेट विद्यालयों के फीस निर्धारण और विनियमन के लिए समिति द्वारा धारा 27 की उप-धारा (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किए गए किसी भी आदेश से पीड़ित है तो ऐसे आदेश के विरुद्ध, आदेश की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में अपील कर सकेगा। "

धारा 29.- उप-धारा (2) में, खंड (छ) का लोप कर दें।

****

69. जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा बोर्ड अधिनिमय, 1975

(1975 का 28)

सम्पूर्ण अधिनियम में, अन्यथा उपबंधित के सिवाय "सरकार" और "राजपत्र" के स्थान पर,, "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन" और "राजपत्र" शब्द रखें जायेंगे।

सम्पूर्ण अधिनियम में, उद्देशिका को और अधिनियम की धारा 44 में या अन्यथा उपबंधित के सिवाय "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमश: " लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें ।

उद्देशिका .- "राज्य" तथा "जम्मू-कश्मीर राज्य में" के स्थान पर क्रमश: "संघ राज्य क्षेत्र" और "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में" शब्द रखें ;

धारा 1. - उप-धारा (2) में, "सम्पूर्ण जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "सम्पूर्ण लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्र" शब्द प्रतिस्थापित करें।

धारा 2. - (i) खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित रखें:-

"(क)" व्याकरणिक रूपांतरों के साथ "संबद्ध'' और किसी संस्था के संदर्भ में प्रयुक्त सजातीय पदों का अर्थ बोर्ड के विशेषाधिकारों के लिए प्रवेश के प्रयोजनों के लिए बोर्ड से संबद्ध या सम्बद्ध माना जाना है;''

(कक) "बोर्ड" से खंड 3 के अधीन स्थापित स्कूल शिक्षा बोर्ड अभिप्रेत है;"

(ii) खंड (ग) के स्थान पर रखें.-

"(ग)" प्राथमिक शिक्षा "से सक्षम शैक्षणिक प्राधिकरण द्वारा विहित अध्ययन के पाठ्यक्रम के अनुसार ग्रेड-। से ग्रेड-8 के तत्स्थानी स्कूल में प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा अभिप्रेत है;"

(iii) खंड (घ) के पश्चात् अंत:स्थापित करें-

"(घक)" संस्था के प्रमुख "से, किसी संबद्ध संस्था के प्रधानाध्यापक या प्रधानाचार्य या कोई अन्य प्रधानाचार्य या शैक्षणिक अधिकारी अभिप्रेत है, जिसे किसी भी पदनाम से जाना जाए;"

(iv) खंड (ज) के स्थान पर रखें.-

"(ज)" संस्थानों के संदर्भ में प्रयुक्त "इसकी व्याकरणिक भिन्नताओं और सजातीय पदों के साथ, मान्यताप्राप्त'' से

पूर्व प्राथमिक, प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक या शिक्षक प्रशिक्षण स्तर पर छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन द्वारा मान्यताप्राप्त स्कूल या संस्था अभिप्रेत हैं;"; तथा

(v) खंड (ड) के स्थान पर रखें-

"(ड)" "प्रशिक्षण संस्थान'' से अभिप्रेत है, एक ऐसा प्रशिक्षण संस्थान जो निजी तौर पर या लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन द्वारा चलाया जाता है और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त है और ऐसे बोर्ड से संबद्ध है जो प्रशासन द्वारा विहित किया जाए" ।

खंड 3. - (i) उप-धारा (1) में, "प्रारंभिक शिक्षा" के स्थान पर "पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा" रखें;

(ii) उपधारा (1) में, अंत: स्थापित करें -

"परंतु प्रशासन, बोर्ड का कार्य सौंप सकता है या किसी अन्य राज्य या किसी अन्य संघ राज्य क्षेत्र या केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या किसी अन्य निकाय के ऐसे बोर्ड को संबद्ध कर सकता है जो इस प्रयोजन के लिए अधिसूचित किया जाए।" और

(iii) उप-धारा (2) में "जम्मू-कश्मीर राज्य बोर्ड" के स्थान पर, "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का बोर्ड" शब्द रखें।

धारा 4. - धारा 4 के स्थान पर रखें -

"4. बोर्ड की संरचना - बोर्ड में ऐसे सदस्य शामिल होंगे जिन्हें प्रशासन द्वारा नियुक्त किया जाए"।

धारा 9. - (i) पार्श्व शीर्षक में, "और उसके दो प्रभाग" का लोप करें;

(ii) "श्रीनगर और जम्मू में ऐसी अवधि के लिए जो अध्यक्ष समय-समय पर अवधारित करें" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा यथा विहित किया जाए" शब्द रखें, और

(iii) परंतुक को लोप करें।

धारा 10. - (i) खंड (i) में "प्रारंभिक" के स्थान पर "पूर्व-प्राथमिक और प्रारंभिक"; शब्द रखें; और

(ii) "परीक्षाओं" के पश्चात् "और प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम" शब्द अंत:स्थापित करें;

(iii) खंड (ii) में, "पाठ्यक्रम" के पश्चात्, "और शिक्षक प्रशिक्षण शिक्षा पाठ्यक्रम" शब्द अंत: स्थापित करें;

(iv) खंड (iii) में, "बोर्ड" के पश्चात्, "इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से" अंत:स्थापित करें;

(v) खंड (v) में, "हायर सेकंडरी कोर्सेस" के पश्चात्, "और शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि" शब्द अंत:स्थापित करें;

(vi) खंड (xiii) में, "जम्मू विश्वविद्यालय, कश्मीर विश्वविद्यालय" के स्थान पर "लद्दाख विश्वविद्यालय" रखें;

(vii) खंड (xv) के स्थान पर रखें;

"(xv) बोर्ड के साथ संबद्धता के लिए आवेदन करने वाले स्कूल की कार्यशैली तथा उसमें उपलब्ध सुविधाओं के बारे में" स्कूल शिक्षा के संबंधित निदेशक से रिपोर्ट मंगवाने हेतु;

(viii) खंड (xvi) में, "संबंधित" के पश्चात् "पूर्व-प्राथमिक" और "शिक्षा" के पश्चात "शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम" शब्द अंत: स्थापित करें;

(ix) खंड (xviii) के स्थान पर रखें -

"(xviii) अधिनियम के विभिन्न उपबंधों को लागू करने के लिए विनियम तैयार करना।"

(x) खंड (xxvii) के स्थान पर रखें;

"(xxvii) (क) प्रारंभिक शिक्षक शिक्षा सहित विभिन्न चरणों में अध्ययन के विभिन्न विषयों के लिए विभिन्न पाठ्य समिति□ का गठन करने या नियुक्त करने के लिए;

(ख) संबंधित पाठ्यक्रम समिति द्वारा तैयार या विकसित और अनुमोदित पाठ्य पुस्तकों की छपाई और प्रकाशन का कार्य करना; और

(xi) खंड (xxviii) के स्थान पर रखें-

"(xxviii) अधिनियम के उद्देशयों को पूरा करने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (COBSE), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) सहित विभिन्न संबद्ध संगठनों के साथ संपर्क करना।"

धारा 11. - उपधारा (3) का लोप करें;

धारा 13. - उपधारा (4) के स्थान पर रखें;

IndiaCode

"(4) यदि अध्यक्ष की राय में कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसके लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए, तो वह इस तरह की कार्रवाई करेगा जो वह उचित समझे और उसके पश्चात्, इस प्रयोजन के लिए बुलाई गई बैठक में या अगली बैठक में बोर्ड को अपनी की गई कार्रवाई की रिपोर्ट करेगा।

परन्तु अध्यक्ष अतिशीघ्र अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट उसके कारण सहित कार्यालय प्राधिकारी या बोर्ड या बोर्ड के अन्य निकाय, जैसी भी दशा हो, को कर सकता है, जो साधारण स्थिति में मामले को देखता है।

परंतु यह और कि इन शक्तियों के अधीन किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं की जाएगी:

परंतु यह और भी कि इन शक्तियों के अधीन किसी भी प्रकार की कोई प्रोन्नति नहीं की जाएगी। "

धारा 16 और 17. लोप करें-

धारा 17 के पश्चात्, नई धारा का अंत:स्थापन - 17क. शैक्षणिक निदेशक: - ज्येष्ठ और सक्षम विद्वानों या शिक्षाविदों को जिन्हें पाठ्यक्रम बनाने, शिक्षण-अधिगम पद्धति, संज्ञानात्मक अधिगम में सजातीय प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों और ऐसे सभी संबंधित मामलों पर गहरी समझ हो, में से शैक्षणिक निदेशक को लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

"17ख. शैक्षणिक निदेशक की शक्तियां और कृत्य : बोर्ड के नियंत्रण और विनियमों के अध्यधीन रहते हुए शैक्षणिक निदेशक, बोर्ड के ऐसे प्रभागों के प्रमुख होंगे जो बोर्ड के विभिन्न शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विनियमों में उपबंधित किए जाएं और इनमें निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(क) शिक्षा के विभिन्न चरणों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना;

(ख) विभिन्न शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना;

(ग) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और शारीरिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना;

(घ) संघ राज्य क्षेत्र में शिक्षा, प्रचार और गुणवत्ता शिक्षा के विकास के विभिन्न चरणों के लिए सामग्री या पुस्तकें तैयार करना;

(ड.) परीक्षाओं की स्कीम का पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण या तैयार करना;

(च) मूल्यांकन के नए तरीकों में अभिविन्यास पाठ्यक्रम संचालित करना;

(छ) नई स्कीमों या नए पाठ्यक्रम को पढ़ाने के संबंध में शिक्षकों के रिफ्रेशर पाठ्यक्रम का संचालन करना। "

धारा 22 के बाद, पश्चात् नई धारा का अंत:स्थापन- "22क. वित्तीय सलाहकार- (1) प्रशासनिक सचिव, वित्त विभाग, या लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा नामित कोई भी अधिकारी बोर्ड का पदेन वित्तीय सलाहकार होगा।

(2) वित्तीय सलाहकार बोर्ड और उसकी वित्त समिति का पदेन सदस्य होगा।

(3) वित्तीय सलाहकार ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगा जो इस अधिनियम के अधीन बनाए गए क़ानून और नियमों द्वारा विहित किए जाएं।

धारा 33.- उप-धारा (2) के खंड (घ) में दोनों स्थान पर "मान्यता" के स्थान पर "संबद्धता" शब्द रखें।

धारा 34. - लोप करें।

धारा 35. - धारा 35 के स्थान पर निम्नलिखित रखें;

"35. विनियमों और उसके परिवर्तनों की प्रतियां- बोर्ड द्वारा धारा 33 के अधीन बनाए गए प्रत्येक विनियमन और उसमें प्रत्येक उपांतर या पुनरीक्षण की एक प्रति जानकारी के लिए लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन को प्रस्तुत की जाएगी।"

धारा 36. - "हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक स्कूली शिक्षा" के स्थान पर "हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक स्कूल और प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण शिक्षा" रखें।

धारा 37 के स्थान पर रखें-

"37. बोर्ड के विशेषाधिकारों के लिए संस्थानों का प्रवेश- (1) राज्य या राज्य के बाहर स्थित कोई भी संस्था, बोर्ड के विशेषाधिकारों के लिए बोर्ड में आवेदन कर सकती है और बोर्ड ऐसी शर्तों और प्रतिबंधों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किया जाए, बोर्ड के विशेषाधिकारों के लिए ऐसी संस्था के आवेदन को स्वीकार कर सकता है।

(2) जहां बोर्ड इस बात से संतुष्ट है कि किसी भी संबद्ध संस्थान द्वारा अपने विशेषाधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है, या ऐसे संस्थानों द्वारा विहित शर्तों या प्रतिबंधों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, तो बोर्ड संस्थानों से अपने विशेषाधिकार वापस ले सकता है, और उसके पश्चात संस्थान एक संबद्ध संस्थान नहीं रहेगा:

परंतु विशेषाधिकार वापस लेने से पहले, बोर्ड द्वारा संस्थान को यह दिखाने की आवश्यकता होगी कि इस तरह की कार्रवाई उसके विरूद्ध क्यों नहीं की जानी चाहिए और बोर्ड संस्थान द्वारा प्रस्तुत किसी भी स्पष्टीकरण पर विचार कर सकता है। "

धारा 38.- लोप करें।

धारा 40 के स्थान पर रखें।

बोर्ड की बैठकें- (1) बोर्ड एक वर्ष में कम से कम चार बार अपनी बैठकें आयोजित करेगा किंतु उसकी अंतिम बैठक और अगली बैठक के बीच तीन महीने का अंतर नहीं होगा।

(2) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष करेगा।

(3) बोर्ड की बैठक में सभी मामले उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा तय किए जाएंगे:

परंतु मतों की समानता के मामले में, अध्यक्ष, एक सदस्य के रूप में अपने मत के अतिरिक्त मत दे सकता है।

(4) कुल सदस्यों का दो-तिहाई बोर्ड की बैठक में एक कोरम बनाएगा:

परंतु यदि कोरम न होने पर बैठक स्थगित की जाती है, तो उसी कार्य के लिए अगली बैठक में कोरम आवश्यक नहीं होगा।

(5) बैठक आयोजित होते ही बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाही की प्रति सचिव द्वारा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को भेज दी जाएगी।

(6) बोर्ड द्वारा इस अधिनियम के अधीन की गई कोई कार्रवाई, या कार्यवाही, सदस्यों के बीच किसी रिक्ति के विद्यमान रहने के आधार पर या उसके गठन में दोष या प्रक्रिया में अनियमितता के कारण मामले के गुणावगुण को प्रभावित न करने वाली किसी भी अनियमितता के कारण अविधिमान्य नहीं होगी।

धारा 43 के स्थान पर रखें-

"43. विधिक कार्यवाहियां : - बोर्ड, या उसके किसी भी सदस्य, या उसके किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारियों, या बोर्ड के निदेशों के अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति या बोर्ड के किसी भी अधिकारी या अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम या विनियमन के अनुसरण में किए गए या किए जाने वाले किसी किसी कार्य के लिए या नोटिस के पश्चात् दो मास की अवधि की समाप्ति तक, और किसी अन्य मामले में, उस व्यक्ति जिसके विरुद्ध वाद दायर किया जाना है, के कार्यालय या निवास स्थान पर नोटिस दिए जाने के दो मास की समाप्ति तक और जब तक कि इस तरह की सूचना में स्पष्ट रूप से कार्रवाई का कारण, मांगी गई अनुतोष की प्रकृति, दावा की गई प्रति कर की रकम का और इच्छुक वादी के नाम और निवास का स्थान का उल्लेख नहीं है और जब तक वादी यह नहीं कह देता, कि नोटिस को इस प्रकार दिया गया या परिदान कर दिया गया है" तब तक उसके खिलाफ वाद नहीं संस्थित किया जाएगा।

धारा 43 के पश्चात्, नई धारा का अंत:स्थापन-

"43क. कॉपी राइट- (1) बोर्ड द्वारा विकसित, मुद्रित और प्रकाशित सभी सामग्रियों की कॉपी राइट बोर्ड में ही निहित होगी।

(2) बोर्ड, स्कूल शिक्षा से संबंधित सामग्री किसी भी एजेंसी से विकसित, प्रकाशित या मुद्रित करवा सकता है, जिसे वह लोक हित में उचित समझें "

"43ख. वसूली की संक्षिप्त शक्तियाँ: - स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किसी भी व्यक्ति से पुस्तकों का क्रय, विक्रय, परिवहन, मुद्रण, भंडारण या पारगमन और पुस्तकों और मुद्रण सामग्री में कमी के कारण या बोर्ड के पदधारियों द्वारा अन्य रकमों का पुर्विनियोग किया गया है, जिससे राशि वसूल की जानी है तो ऐसे व्यक्ति से ऐसे धन की वसूली की जाएगी और वसूली की प्रक्रिया भूमि राजस्व अधिनियम, 1996 की धारा 90 के अधीन विहित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। "

****

70. जम्मू-कश्मीर गोजातीय प्रजनन (उत्पादन का विनियमन गोजातीय वीर्य का विक्रय और कृत्रिम गर्भाधान सेवा) अधिनियम, 2018

(2018 का एलआई)

सम्पूर्ण अधिनियम में, अन्यथा उपबंधित के सिवाय "राज्य", "जम्मू-कश्मीर" और "राजपत्र", के स्थान पर "संघ राज्य क्षेत्र", "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "राजपत्र" रखें,

सम्पूर्ण अधिनिमय में, धारा 21 की उप-धारा (1) या अन्यथा उपबंधित के सिवाय "सरकार" के स्थान पर, "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन", शब्द रखें;

धारा 2. - (i) खंड (क) के पश्चात् अंत:स्थापित करें-

"(कक) "प्रशासन " से "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन" अभिप्रेत है;

(ii) खंड (ञ) में, "कश्मीर और पशुधन विकास बोर्ड जम्मू" का लोप करें

(iii) खंड (ण) का लोप करें; और

(iv) खंड (त) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखें।

धारा 5. - धारा 5 में, "अध्यक्ष, जम्मू-कश्मीर राज्य कार्यान्वयन एजेंसी / प्रशासनिक सचिव, पशु भेड़पालन और मत्स्य विभाग के कार्यालय में" के स्थान पर " प्रशासन द्वारा यथाअधिसूचित" शब्द रखें।

धारा 9. - उप-धारा (1) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 17. - (i) उप-धारा (1) में, "जम्मू-कश्मीर विशेष अधिकरण अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम संख्या 19) के अधीन स्थापित अधिकरण" के स्थान पर "प्रशासन द्वारा यथा अधिसूचित ऐसे प्राधिकरण"; और

(ii) उप-धारा (2) में "अधिकरण" के स्थान पर "ऐसे प्राधिकरण" शब्द प्रतिस्थापित करें।

धारा 18. - उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989 (1933 A.D)" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें।

धारा 29. - "रणबीर दंड संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45)" रखें।

धारा 32. - उपधारा (3) का लोप कर दें।

धारा 34. - "जम्मू / कश्मीर" विकल्प के स्थान पर "लद्दाख" शब्द रखें।

IndiaCode

****

71. जम्मू-कश्मीर आकाशी रज्जुमार्ग अधिनियम, 2002

(2002 का 12)

सम्पूर्ण अधिनियम में, उद्देशिका या अन्यथा उपबंधित के सिवाय, "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमशः "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें;

सम्पूर्ण अधिनियम में, धारा 6 की उपधारा (4) के खंड (ix) के सिवाय या अन्यथा उपबंधित, "सरकार" के स्थान पर "प्रशासन" शब्द रखें,

सम्पूर्ण अधिनियम में राज्य रणबीर दंड संहिता संहिता संवत् 1989 के स्थान पर भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) रखें।

धारा 1. - उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 2. - (i) खंड (क) के पश्चात् अंत:स्थापित -

"(कक)" प्रशासन" से लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन" अभिप्रेत है;

(ii) खंड (ग) के पश्चात्, खंड (गग) अंत:स्थापित करें, अर्थात् -

"(गग)" कलेक्टर "का अर्थ है कलेक्टर, जो भूमि राजस्व अधिनियम, संवत 1996 के अधीन परिभाषित है";

(iii) खंड (घ) का लोप करें;

(iv) खंड (च) के स्थान पर अंत:स्थापित करें, -

"(च)"निरीक्षक" का अर्थ है एक अधिकारी, एक समिति या एक एजेंसी जो इस अधिनियम के अधीन प्रशासन द्वारा इस प्रकार नियुक्त की गई है";

(v) खंड (ट) के उपखंड (iv) में "कंपनी अधिनियम, 1956" के स्थान पर "कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) रखें; और

(ii) उप-खंड (v) में "भारतीय रेलवे अधिनियम, 1980" के स्थान पर "रेलवे अधिनियम, 1989 (1989 का 24)" रखें;

धारा 3 और 4 के स्थान पर निम्नलिखित रखें;

"3. रियायतों के लिए घोषणा - आवश्यक प्रारंभिक जांच के लिए एक प्रस्तावित आकाशी रज्जुमार्ग के संबंध में प्रशासन के अलावा एक इच्छुक प्रमोटर द्वारा प्रत्येक घोषणा संभागीय आयुक्त को एक आवेदन के रूप में प्रस्तुत की जाएगी।

4. घोषणा की विषयवस्तु – ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ सम्यक् रूप से शपथ पत्र लगाया जाएगा और इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

(i) वचनबंध का विवरण और प्रस्तावित आकाशी रज्जुमार्ग द्वारा अनुसरित मार्ग;

(ii) निर्माण और प्रबंधन की प्रणाली का विवरण और आकाशी रज्जुमार्ग से समुदाय को अपेक्षित लाभ;

(iii) इसके निर्माण की लागत का अनुमानित अनुमान; तथा

(iv) इस तरह के नक्शे, योजना, खंड, चित्र और अन्य जानकारी जिसकी लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन को प्रस्ताव पर विचार करने की आवश्यकता हो सकती है। "

धारा 18 के स्थान पर रखें :-

"18. संप्रवर्तक दर नियत कर सकेंगे.- संप्रवर्तक को आकाशी रज्जुमार्ग, पर काम करने के प्रयोजनों के लिए, आकाशी रज्जुमार्ग पर यात्रियों, जानवरों या सामानों की गाड़ी के लिए दरें नियत करने की शक्तियां प्राप्त होगी :

परंतु ऐसी दरें इस तरह की अधिकतम और न्यूनतम दरों के अध्यधीन होंगी, जिन्हें प्रशासन या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा रियायत, गारंटी, या वित्तीय सहायता के मामले में विहित या आदेशित किया जा सकेगा।

धारा 30. - "राज्य भूमि अर्जन अधिनियम, संवत 1990" के स्थान पर "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्वास अधिनियम में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार, 2013 (30 का 2013)" रखें।

धारा 32. - उप-धारा (4) का लोप करें।

धारा 34. - "एक हजार रुपये" के स्थान पर "पाँच हजार रुपये" शब्द रखें।

****

72. जम्मू-कश्मीर वन (संरक्षण) बल अधिनियम, 2001

(2001 का 6)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

73. रम रसम निवारण अधिनियम,1977

(1997 का 1)

सम्पूर्ण अधिनियम में "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर , "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" रखें।

खंड 4. - "पाँच सौ रुपये" के स्थान पर "पाँच हज़ार रुपये" शब्द रखें।

****

74. प्रोबेट और प्रशासन अधिनियम, संवत 1977 (1920 ए.डी.)

(1977 का 29)

सम्पूर्ण अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय "सरकार" और "राजपत्र", "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमशः "प्रशासन" और "राजपत्र", "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें ।

सम्पूर्ण अधिनियम में, "सिविल प्रक्रिया संहिता, संवत 1977" के स्थान पर, "सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5)" रखें,

सम्पूर्ण अधिनियम में, "रणबीर दंड संहिता" के स्थान पर, जहां भी वे आते हैं, भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) रखें,

धारा 1. - उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" रखें,

धारा 3. - (i) "प्रांत- प्रांत का अर्थ है जम्मू का प्रांत या कश्मीर का प्रांत" शब्द के स्थान पर "प्रांत- प्रांत का अर्थ है लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र"; और

(ii) "खदान" की परिभाषा में "वयस्कता अधिनियम, 1977," के स्थान पर " वयस्कता अधिनियम, 1875 (1875 का 9)" रखें।

धारा 59. - "सम्पूर्ण राज्य'' के स्थान पर "सम्पूर्ण संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखें।

धारा 60. - उप-धारा (2) में, उदाहरण में "सम्पूर्ण राज्य" के स्थान पर "सम्पूर्ण संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें ।

****

75. जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018

(2019 का 2)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

IndiaCode

76. श्रीनगर और जम्मू क्लस्टर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016

(2016 का 3)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

77. जम्मू–कश्मीर प्रवासी स्थावर समपत्ति (परिरक्षण, संरक्षण और करस्थतम् विक्रय पर अवरोध अधिनियम, 1997

(1997 का 16)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

78. जम्मू-कश्मीर प्रवासी (कार्यवाहियों पर रोक) अधिनियम,1997

(1997 का 17)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

79. जम्मू-कश्मीर बाढ़ प्रवण क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2005

(2005 का 17)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

80. जम्मू-कश्मीर बाबा गुलाम शाह बादशाह विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002

(2002 का 16)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

81. जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1969

(1969 का 24)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

82. जम्मू-कश्मीर श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय अधिनियम, 1999

(1999 का 12)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

IndiaCode

83. जम्मू-कश्मीर अभिध्वंस क्रियाकलापों का निवारण और दमन अधिनियम, 1965

(1965 का 22)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

84. जम्मू-कश्मीर सिविल न्यायालय अधिनियम, संवत 1977

(संवत 1977 का 46)

सम्पूर्ण अधिनियम में, जब तक कि अन्यथा उपबंधित न हो 'सरकार' और 'राजपत्र' के स्थान पर, क्रमश:, 'लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन' और 'राजपत्र' शब्द रखें;

सम्पूर्ण अधिनियम में "सिविल प्रक्रिया संहिता" के स्थान पर सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) रखें,

सम्पूर्ण अधिनियम में, "राज्य" के स्थान पर " लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखें ।

धारा 1.– उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 2. - (i) खंड (i) का लोप कर दें;

(ii) खंड (i) के पश्चात् अंत:स्थापित करें -

"(ik)" उच्च न्यायालय "से जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के भाग VIII के अधीन बनाए गए जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक ही उच्च न्यायालय अभिप्रेत है"

धारा 3. - लोप करें।

धारा 4.- लोप करें।

धारा 8. - उपधारा (1) के खंड (घ) में, "वाद" के लिए "प्रयुक्त" शब्द रखें ।

धारा 13. - "लघु बाद न्यायालय अधिनियम के अधीन स्थापित लघुवाद न्यायालय, और'', शब्द का लोप करें।

धारा 24.- लोप करें।

धारा 25. - (i) उपधारा (2) में, (क) खंड (क) में, "प्रोबेट और प्रशासन" और "तीसरी अनुसूची का पांचवां पैरा" के स्थान पर "भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम, 1925 (1925 का 39)" और "तृतीय अनुसूची का पैरा 3"; शब्द रखें; और

(ख) "संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम" के स्थान पर "संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 (1890 का 8)" रखें।

धारा 39. - उपधारा (2) में, "दूसरी अनुसूची का पैरा 17 या" का लोप करें।

धारा 43. - "जम्मू-कश्मीर राज्य का उच्च न्यायालय" के स्थान पर "उच्च न्यायालय" रखें।

****

IndiaCode

85. जम्मू-कश्मीर भिक्षावृति निवारण अधिनियम, 1960

(1960 का 40)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

86. जम्मू-कश्मीर वृत्तिक प्रवेश परीक्षा बोर्ड अधिनियम, 2002

(2002 का 25)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

87. जम्मू-कश्मीर (अनुचित साधन परीक्षा निवारण अधिनियम, 1987

(1987 का 20)

IndiaCode

अन्यथा उपबंधित के सिवाय, सम्पूर्ण अधिनियम में 'सरकार', और राजपत्र, के स्थान पर क्रमश: 'प्रशासन' और 'राजपत्र' शब्द रखें,

उद्देशिका में या अन्यथा उपबंधित के सिवाय "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र" शब्द प्रतिस्थापित करें।

धारा 1. - उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 2. - (i) खंड (क) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1975 अथवा प्रशासन द्वारा अधिसूचित कोई अन्य बोर्ड" शब्द रखें";

(ii) खंड (क) के पश्चात्, खंड (कख) अंत:स्थापित करें, अर्थात्

"(कख)" प्रशासन " से लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन" अभिप्रेत है;

(iii) खंड (ज) में "जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1975" के स्थान पर "जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1975 अथवा प्रशासन द्वारा अधिसूचित कोई अन्य बोर्ड" शब्द रखें";

(iv) खंड (ठ) में, "राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किसी अधिनियम के अधीन स्थापित कोई विश्वविद्यालय'' के स्थान पर "इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा अधिसूचित कोई विश्वविद्यालय" शब्द रखें।

धारा 7. - "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें ।

धारा 8. - (i) "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" शब्द रखें; और

(ii) खंड (iii) में, "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989 की धारा 259-क " के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) का अध्याय 19" शब्द रखें।

धारा 10. - "रणबीर दंड संहिता" के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता (1860 का 45)" शब्द रखें ।

****

88. जम्मू-कश्मीर निजी महाविद्यालय (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2002

(2002 का 22)

धारा 17 के खंड (2) या अन्यथा उपबंधित के सिवाय सम्पूर्ण अधिनियम में, 'सरकार' के स्थान पर 'लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र' शब्द रखें,

अन्यथा उपबंधित के सिवाय सम्पूर्ण अधिनियम में, "राजपत्र", के स्थान पर "राजपत्र" शब्द रखें।

सम्पूर्ण अधिनियम में, अधिनियम की धारा 24 अथवा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, जम्मू-कश्मीर के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र", शब्द रखें।

सम्पूर्ण अधिनियम में, उद्देशिका सहित अथवा अन्यथा उपबंधित सहित "राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 1. - उप-धारा (2) में 'जम्मू-कश्मीर राज्य' के स्थान पर 'लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र' शब्द रखें।

धारा 2. - (i) खंड (क) के पश्चात्, खंड (कख) अंत:स्थापित करें, अर्थात्-

"(कख)" प्रशासन " से लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन; अभिप्रेत है;

(ii) खंड (ग) में, -

(क) 'कश्मीर विश्वविद्यालय या जम्मू विश्वविद्यालय से संबद्ध' के स्थान पर "लद्दाख विश्वविद्यालय या प्रशासन द्वारा अधिसूचित किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध"; शब्द रखें।

(ख) उप-खंड (i) में, "कश्मीर विश्वविद्यालय या जम्मू विश्वविद्यालय 'के स्थान पर' इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा अधिसूचित कोई भी विश्वविद्यालय" शब्द रखें।

(iii) खंड (च) का लोप करें;

(iv) खंड (i) में "राज्य" से कश्मीर राज्य अभिप्रेत है" के स्थान पर "संघ राज्य क्षेत्र" से "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है" रखें;

(v) खंड (ञ) में, कश्मीर-जम्मू विश्वविद्यालय अधिनियम, 1969 के अधीन स्थापित कश्मीर विश्वविद्यालय या जम्मू विश्वविद्यालय' के स्थान पर 'लद्दाख विश्वविद्यालय या जम्मू, कश्मीर या लद्दाख मामलों का कोई अन्य विभाग" रखें।

खंड 3. - उप-धारा (2) में, 'जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1969' के स्थान पर" लद्दाख विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018" शब्द रखें।

खंड 9. - उप-धारा (2) में, 'सरकारी सेवाएं' के स्थान पर 'लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधीन सेवाएं रखें"।

IndiaCode

धारा 17. - खंड (ठ) में, "जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1969" के स्थान पर" लद्दाख विश्वविद्यालय, 2018" शब्द रखें।

धारा 19. - "सिविल प्रक्रिया संहिता, संवत 1977" के स्थान पर 'सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5)" रखें।

****

89. पुलिस अधिनियम, 1983

(संवत 1983 का 2)

सम्पूर्ण अधिनियम में, अन्यथा उपबंधित के सिवाय, 'सरकार', 'राज्य' और "जम्मू-कश्मीर राजपत्र" के स्थान पर, क्रमशः "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन" "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "राजपत्र" शब्द रखें।

धारा 2. - "इसके तीसरे प्रकाशन" के स्थान पर, "इसके प्रकाशन" रखें।

धारा 4. - धारा 4 के अंत में, 'इस अधिनियम में "महानिरीक्षक", "उप महानिरीक्षक", "सहायक महानिरीक्षक", "अधीक्षक", "उप अधीक्षक", "सहायक अधीक्षक" या पुलिस बल में कोई अन्य पद, यदि ऐसा कोई पद लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्र में मौजूद नहीं है, तो एक समकक्ष पद या ऐसे पद का उल्लेख करने के लिए समझा जाए, जो लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन द्वारा इस उद्देश्य के लिए अधिसूचित किया गया है।"

धारा 8. - "जम्मू-कश्मीर के संविधान की धारा 126 के उपबंध" के स्थान पर "भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 के उपबंध" रखें।

धारा 17. - उप-धारा (1) में "दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 386 और 387" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 421 और 422" रखें।

धारा 27. - उप-धारा (2) में, "दंड प्रक्रिया संहिता, 1989 की धारा 525" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 459" शब्द रखें।

****

90. जम्मू-कश्मीर विज्ञान और प्रौद्योगिकी कश्मीर इस्लामिक विश्वविद्यालय

अधिनियम, 2005

(2005 का 18)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

IndiaCode

91. जम्मू-कश्मीर पुस्तक और समाचार पत्र परिदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) अधिनियम, 1961

(1961 का 13)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

92. जम्मू-कश्मीर परम्परा संरक्षण और परिरक्षण अधिनियम, 2010

(2010 का 15)

सम्पूर्ण अधिनियम में, अन्यथा उपबंधित के सिवाय, "सरकार" और "राजपत्र" के स्थान पर, क्रमशः, "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन" और "राजपत्र" रखें।

सम्पूर्ण अधिनियम में, उद्देशिका या अन्यथा उपबंधित के सिवाय, "जम्मू-कश्मीर" और "राज्य" के स्थान पर क्रमशः "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" और "संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 2. - (i) खंड (क) के पश्चात्, अंत:स्थापित करें।

"(कक) "प्रशासन" से "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन" अभिप्रेत है; और

(ii) खंड (ज) का लोप करें।

धारा 15. - उप-धारा (i) में "पांच हजार रुपये" के स्थान पर "पचास हजार रुपये" शब्द रखें।

****

93. जम्मू-कश्मीर टीकाकरण अधिनियम, 1967

(1967 का 21)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

94. शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (डिग्री अनुदान) अधिनियम, 1983

(1983 का 13)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

IndiaCode

95. जम्मू-कश्मीर नागरिक विधि (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2014

(2010 का 13)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

96. जम्मू-कश्मीर फल पौधशाला (अनुज्ञापन) अधिनियम, 1987

(1987 का 22)

सम्पूर्ण अधिनियम में, जब तक अन्यथा उपबंधित न हों 'सरकार', और 'सरकारी राजपत्र के स्थान पर, क्रमशः,'लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन' और 'सरकारी राजपत्र' शब्द रखें।

सम्पूर्ण अधिनियम में उद्देशिका के सिवाय, जब तक अन्यथा उपबंधित न हो "जम्मू-कश्मीर" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

उद्देशिका.- "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 1. - उप-धारा (2) में, "जम्मू-कश्मीर राज्य" के स्थान पर "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 7. - "राज्य" के स्थान पर, जहाँ कहीं भी हो, "लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र" शब्द रखें।

धारा 17. - "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत, 1989" के स्थान पर "दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2)" रखें।

धारा 18. - "राज्य रणबीर दंड संहिता" के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता (1860 का 45)" रखें।

धारा 21. - उप-धारा (3) का लोप करें।

****

97. कृषक अनुतोष अधिनियम, 1983

(संवत 1983 का I)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

98. जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा कृषकों को सहायता एवं भूमि सुधार अधिनियम

(1993 का 7)

सम्पूर्ण का निरसन करें।

****

IndiaCode

99. जम्मू-कश्मीर लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011

(2011 का 9)

